HCF

विदेशी आगंतुकों के लिए स्वास्थ्य बीमा पुस्तिका

जुलाई 2020

हमारे साथ ऑस्ट्रेलिया का मज़ा लें

चाहे आप कहीं से भी आ रहे हों और कितने भी समय के लिए यहाँ रहने की सोच रहे हों, हम जानते हैं कि आपको यहाँ बहुत अच्छा लगेगा|

हम समझते हैं कि जब आप किसी नए देश में जाते हैं तो आपको हेल्थकेयर के बारे में बहुत कुछ जानने की आवश्यकता होती है| इसलिए हमने इसे सरल बनाने की चेष्टा की है ताकि आपको इस बात की तसल्ली हो जाए कि जब तक आप ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे, आपकी सेहत का पूरा ध्यान रखा जाएगा| आपको ऐसा महसूस हो कि आपका यहाँ भरपूर स्वागत है, ऐसा करके हम यह बताना चाहते हैं कि हम आपकी परवा करते हैं|

राष्ट्रीय डॉक्टर नेटवर्क

चिकित्सकों के हमारे विस्तृत नेटवर्क में से कोई भी चिकित्सक (GP) चुनें और यदि आपके बीमे में चिकित्सक की सेवाएँ शामिल हैं तो आपको उनसे मिलने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा|

24/7 हेल्पलाइन

यदि आपको या आपके परिवार को चिकित्सक या अस्पताल ढूँढने की आवश्यकता है या आप अपने स्वास्थ्य को लेकर कुछ प्रश्न पूछना चाहते हैं तो हमारी 24/7 हेल्पलाइन को 13 68 42 पर फ़ोन करें|

हमारे दोस्ताना विशेषज्ञ अनेक भाषाएँ बोल सकते है और वे सदा आपकी सहायता के लिए तैयार हैं|



अवॉर्ड प्राप्त, वीसा की आवश्यकताएँ पूरी करने वाला बीमा

वित्तीय उत्पादों की तुलना करने वाली ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी वेबसाइट, कैनस्टार ने हमें लगातार 2 वर्षों के लिए आउटस्टैंडिंग वैल्यू वर्किंग वीसा हेल्थ कवर के रूप में मान्यता दी है| आपके लिए सही बीमा चुनना हम आसान बना देंगे|

हम आपके शुल्क को कम करने में सहायता करेंगे

यदि आपको या आपके किसी प्रिय व्यक्ति को अस्पताल में इलाज करवाना पड़े तो निजी अस्पतालों का हमारा बड़ा नेटवर्क आपको अधिक चुनाव और कीमत को कम करने के विकल्प देता है|

ऑस्ट्रेलिया की तीसरी बड़ी हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी

हम जो कुछ भी करते हैं, अपने 15 लाख सदस्यों को ध्यान में रखते हुए करते हैं| हमारे पास अत्यधिक अनुभव और जानकारी है जिससे हम आपके ऑस्ट्रेलिया में बिताए जाने वाले समय के दौरान आपके स्वास्थ्य की देख-भाल करने में सहायता कर सकते हैं|



विश्वास के मामले में #1

रॉय मोर्गन के 2018 के नेट ट्रस्ट सर्वेक्षण में हमें ऑस्ट्रेलिया के सबसे विश्वसनीय हेल्थ फण्ड के लिए सर्वाधिक वोट मिले थे|

आपात स्थिति में एम्बुलेंस का कवर

हर बीमे में ऑस्ट्रेलिया भर में आपात स्थिति में नज़दीकी अस्पताल के लिए एम्बुलेंस द्वारा यात्रा का कवर शामिल है|



ऑस्ट्रेलियाई हेल्थ कवर की जानकारी

ऑस्ट्रेलिया का चिकित्सा तंत्र उत्कृष्ट कोटि का है और एच सी एफ (HCF) आपको यह समझने में सहायता देगा कि आप इसका इस्तेमाल कैसे करें| ऑस्ट्रेलियाई तंत्र के दो स्तर हैं: सरकारी धन से चलने वाला मेडिकेयर और प्राइवेट हेल्थ सिस्टम जिसमें आपको बीमे के लिए पैसा देना पड़ता है| ये दोनों मिलकर ऑस्ट्रेलियाई लोगों को स्वास्थ्य का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करते हैं|



मेडिकेयर किस तरह काम करता है?

मेडिकेयर हमारा सार्वजानिक हेल्थकेयर सिस्टम है और यह ऑस्ट्रेलिया के सभी निवासियों को हेल्थकेयर प्रदान करता है| इसके अंतर्गत सरकारी अस्पतालों में भर्ती ऑस्ट्रेलिया के निवासियों का नि:शुल्क इलाज होता है और अस्पताल से बाहर के कुछ चिकित्सीय खर्चों में भी राहत दी जाती है, जैसे कि रक्त की जाँच और एक्स-रे| मेडिकेयर उन देशों के पात्र आगंतुकों को उपलब्ध है जिनका ऑस्ट्रेलिया के साथ एक रेसिप्रोकल हेल्थ केयर एग्रीमेंट (RHCA) है|

यह जान लेना महत्त्वपूर्ण है कि यदि आप RHCA के पात्र हैं तो भी मन की तसल्ली के लिए प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस लेना बढ़िया होगा क्योंकि मेडिकेयर केवल आवश्यक चिकित्सीय देख-भाल को ही कवर करता है| मेडिकेयर प्राइवेट अस्पताल में इलाज, आपात स्थिति में एम्बुलेंस के इस्तेमाल और दाँतों की चिकित्सा और फ़िज़ियोथेरेपी जैसी सेवाएँ कवर नहीं करता| इनके लिए HCF प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस का इस्तेमाल किया जा सकता है|

रेसिप्रोकल हेल्थकेयर एग्रीमेंट

अधिक जानकारी के लिए डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसिज़ की वेबसाइट

humanservices.gov.au/medicare पर 'RHCA' के लिए सर्च करें|

प्राइवेट हेल्थकेयर किस तरह काम करता है?

यदि आप किसी ऐसे देश से आ रहे हैं जिसका ऑस्ट्रेलिया के साथ RHCA नहीं है तो प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस लेना बहुत अच्छा होगा क्योंकि हो सकता है कि आपको यहाँ रहते हुए चिकित्सा की आवश्यकता पड़ जाए जिसकी कीमत काफ़ी अधिक हो सकती है|

इसमें क्या-क्या शामिल है?

प्राइवेट हेल्थ सिस्टम में HCF जैसे प्राइवेट हेल्थ बीमा प्रदाता, प्राइवेट अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाता शामिल हैं, जैसे कि दंत चिकित्सक, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट| HCF ओवरसीज विज़िटर्स हेल्थ कवर का इन चीज़ों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है:

- आपात स्थिति में एम्बुलेंस से यात्रा
- अस्पताल में इलाज
- चिकित्सा
- अनेक तरह की अन्य सेवाएँ, जैसे फ़िज़ियोथेरेपी और दंत चिकित्सा

कौन-कौन सी चिकित्सा और प्रोसीजर के लिए आप क्लेम कर सकते हैं, यह आपके द्वारा चुने गए बीमे के स्तर पर निर्भर करता है|

अनेक आगंतुकों के लिए वीसा की एक शर्त होती है कि वे प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस करवाएँ, इसलिए वीसा का आवेदन देने से पहले इस बारे में पुष्टि कर लें ताकि आप सही स्तर का बीमा चुनें| ऐसा आप डिपार्टमेंट ऑफ़ होम अफेयर्स की वेबसाइट **homeaffairs.gov.au** पर जाकर कर सकते हैं|

HCF
आपके लिए
सही क्यों है

HCF का ओवरसीज विज़िटर्स हेल्थ कवर (OVHC) उन लोगों के लिए उचित प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस है जो ऑस्ट्रेलिया में वर्क वीसा या विजिटर वीसा पर कुछ समय के लिए रहना चाहते हैं|

कुछ प्रकार के वीसा की यह शर्त होती है कि ऑस्ट्रेलिया में रहने के समय के लिए आप प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस करवाएँ| यदि आप पर यह शर्त न भी लागू होती हो, तो भी आपके लिए ओवरसीज विज़िटर्स हेल्थ कवर लेना अच्छा होगा ताकि आवश्यकता होने पर आप आसानी से हेल्थकेयर सेवाओं का इस्तेमाल कर सकें| ऐसा इसलिए कि चिकित्सीय सेवाओं के लिए स्वयं ख़र्चा वहन करना बहुत महँगा हो सकता है|

आप किस स्तर का बीमा चुनते हैं, उसके आधार पर आपका HCF बीमा आपकी अस्पताल में भर्ती और अन्य सेवाओं को कवर कर सकता है, जैसे कि:

- डॉक्टर के पास जाना
- रक्त की जाँच और एक्स-रे
- दंत चिकित्सा
- नज़र का चश्मा और कॉन्टेक्ट लेंस
- फ़िज़ियोथेरेपी|

किसी भी स्तर के HCF OVHC में आपात स्थिति में एम्बुलेंस की सेवाएँ शामिल होती हैं|

HCF नेटवर्क क्या है?

HCF नेटवर्क में अनेक अस्पताल, चिकित्सक और विशेषज्ञ शामिल हैं जो आपके बीमे में शामिल सभी तरह के इलाज और सेवाओं के लिए आपको अतिरिक्त ख़र्चों से बचने में सहायता देते हैं|

HCF अस्पताल नेटवर्क

ऑस्ट्रेलिया भर में अधिकांश निजी अस्पतालों के साथ हमारे समझौते हैं| हमारे नेटवर्क के किसी अस्पताल में जाने से आप अपने बीमा द्वारा कवर किए जाने वाले इलाज और सेवाओं की अपनी कीमत को कम कर सकते हैं (यदि आपके बीमे में एक्सेस लागू है तो वह इसमें शामिल नहीं है)|

यदि आप किसी ऐसे निजी अस्पताल में जाते हैं जो हमारे नेटवर्क में नहीं है तो आपके द्वारा वहन की जाने वाली राशि बहुत अधिक हो सकती है| सुनिश्चित करें कि हमारे नेटवर्क के किसी अस्पताल की जानकारी लेने के लिए आप हमारी 24/7 हेल्पलाइन को **13 68 42** पर फ़ोन करें (और फिर 2 दबाएँ)| यह भी महत्वपूर्ण है कि इलाज करवाने से पहले आप अस्पताल से पूछ लें कि आपको क्या-क्या ख़र्चे वहन करने होंगे ताकि आपको ठीक से पता हो कि आपका कितना ख़र्चा होगा|

HCF डॉक्टर नेटवर्क

यदि आपको स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या है तो ऑस्ट्रेलिया में शायद सबसे पहले आप एक नियमित डॉक्टर (इन्हें जनरल प्रैक्टिशनर या GP कहते हैं) के पास जाएँगे| HCF का डॉक्टरों का एक राष्ट्रीय नेटवर्क है, अपने नज़दीकी GP के बारे में पता लगाने के लिए हमारी 24/7 हेल्प लाइन को **13 68 42** पर फ़ोन करें (और फिर 2 दबाएँ)|

यदि आपका बीमा डॉक्टर की सेवाओं के लिए कवर देता है और आप हमारे नेटवर्क के किसी GP के पास जाते हैं तो आपका बीमा इसकी कीमत का 100% तक कवर देगा| यदि आप किसी ऐसे GP के पास जाते हैं जो HCF के नेटवर्क में नहीं है तो आपको अतिरिक्त ख़र्चा वहन करना पड़ सकता है| आपके बीमा के स्तर के अनुसार, विशेषज्ञ और हमारे नेटवर्क से बाहर के डॉक्टर से मिलने के लिए हम आपको मेडिकेयर बेनिफिट शेड्यूल (MBS) की फ़ीस का 100% तक अदा करेंगे|

अस्पताल में और उसके बाहर, मुझे किन-किन सेवाओं के लिए कवर किया जाएगा?

अस्पताल में दी जाने वाली सेवाएँ

यदि आप अस्पताल में भर्ती हैं, चाहे केवल दिन के लिए या रात्रि के लिए भी, तो आपको 'inpatient' माना जाता है| आपके ओवरसीज विज़िटर्स हेल्थ कवर के अंतर्गत आपको वहाँ निवास, ऑपरेशन थिएटर, इंटेंसिव केयर, डॉक्टर की फ़ीस, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कृत्रिम बाज़ू या टाँग, और पी बी एस दवाओं के लिए लाभ प्राप्त हो सकता है, यदि ये आपके बीमे के स्तर में शामिल हैं|

आपको किन प्रकार की inpatient सेवाओं के लिए कवर मिलेगा, यह आपके द्वारा चुने गए बीमे के स्तर पर और इस बात पर निर्भर करेगा कि आप हमारे नेटवर्क के अस्पताल में हैं या कहीं और| यदि आप हमारे नेटवर्क के किसी निजी अस्पताल में जाते हैं और हमारे नेटवर्क के डॉक्टरों का इस्तेमाल करते हैं (इनमें सर्जन और एनेस्थेटिस्ट शामिल हैं) तो आपको कोई अतिरिक्त ख़र्चा नहीं देना होगा या बहुत कम पैसा देना होगा (यदि आपके बीमे में एक्सेस लागू है तो वह इसमें शामिल नहीं है)| लेकिन यदि आप किसी ऐसे डॉक्टर, निजी या सरकारी अस्पताल में जाते हैं जो हमारे नेटवर्क में नहीं है तो आपको अत्यधिक पैसा देना पड़ सकता है| इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको कम पैसा देना पड़े यह महत्वपूर्ण है कि आप हमेशा पहले हमारी 24/7 हेल्प लाइन को **13 68 42** पर फ़ोन करें (और फिर 2 दबाएँ)|

अस्पताल के बाहर दी जाने वाली सेवाएँ

यदि आपको अस्पताल के बाहर इलाज की आवश्यकता है या आप अस्पताल में भर्ती नहीं होते तो आप outpatient माने जाएँगे| अधिक इस्तेमाल की जाने वाली outpatient सेवाओं में शामिल हैं:

- किसी विशेषज्ञ या नियमित डॉक्टर से परामर्श
- टेस्ट और एक्स-रे के लिए अस्पताल जाना
- किसी outpatient क्लिनिक में जाना
- इमरजेंसी डिपार्टमेंट की फैसिलिटी फीस
- आपात स्थिति में एम्बुलेंस का इस्तेमाल

आपको कौन सी outpatient सेवाएँ उपलब्ध होंगी, यह आपके द्वारा चुने गए बीमा के स्तर पर और इस बात पर निर्भर करेगा कि आप हमारे नेटवर्क के अस्पताल या डॉक्टर का चयन करते हैं या नहीं| याद रखें हमेशा पहले हमारी 24/7 हेल्प लाइन को **13 68 42** पर फ़ोन करें (और फिर 2 दबाएँ) ताकि हम आपको सही चुनाव करने में सहायता दे सकें और आपको कम पैसा देना पड़े|

24/7 हमें फ़ोन करें आपको सहायता देने के लिए ताकि आपको कम पैसा देना पड़े

हमने अपने नेटवर्क के अस्पताल और डॉक्टरों को ढूँढना आसान बना दिया है ताकि आपको कम पैसा देना पड़े| हमारी 24/7 हेल्पलाइन को फ़ोन करें और हम एक उचित हेल्थकेयर सेवा से आपका संपर्क करवा देंगे|

हमारी विशेषज्ञों की टीम आपका हमारे नेटवर्क की एक सेवा से संपर्क करवा देगी, इनमें शामिल हैं:

- नियमित चिकित्सक (GP)
- आम कार्यकाल के बाद के GP
- विशेषज्ञ डॉक्टर
- निजी अस्पताल
- इमरजेंसी डिपार्टमेंट
- नर्स जो आपकी बीमारी के बारे में चर्चा करेंगी और बताएँगी कि आप क्या करें*
- व्यक्तिगत सहायता, जैसे कि टैक्स के बारे में सलाह, कानूनी सलाह^|

हमारी 24/7 हेल्प लाइन को 13 68 42 पर फ़ोन करें और फिर 2 दबाएँ

*हेल्थकेयर सपोर्ट जीवन घाती या चिकित्सीय आपात समस्याओं के लिए नहीं है| यह एक निदान सेवा है और यह किसी स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सलाह लेने की जगह नहीं ले सकती|

^व्यक्तिगत सहायता के लिए सदस्यों को सेवा प्रदाता को उनके द्वारा ली जाने वाली फ़ीस देनी होगी|

वर्किंग वीसा के लिए विभिन्न प्रकार का बीमा

यदि आपको वीसा की आवश्यकता पूरी करने के लिए निजी हेल्थ इंश्योरेंस चाहिए तो निम्नलिखित विकल्पों में से कोई 1 चुनें|

चुने हुए EXTRAS पर 100% तक पैसे वापस लें

उच्च (Top) और उच्च से अधिक स्तर (Top Plus) में आप हमारे extras प्रदाताओं के नेटवर्क का इस्तेमाल करके लागत का 100% तक वापस ले सकते हैं, बशर्ते कि आप वार्षिक सीमा के अंदर हों| इनमें शामिल हैं:

- हमारे नेटवर्क के अंतर्गत दाँतों का निरीक्षण
- नज़र के चश्मे और हमारे नेटवर्क* के अंतर्गत आँखों की जाँच करवाते समय नि:शुल्क डिजिटल रेटिनल इमेजिंग
- हमारे नेटवर्क के काइरोप्रैक्टर या ऑस्टिओप्रैक्टर के साथ पहला विमर्श
- हमारे नेटवर्क के फ़िज़ियोथेरेपिस्ट के साथ पहला विमर्श
- हमारे नेटवर्क के पोडायट्रिस्ट (पैर विशेषज्ञ) के साथ पहला विमर्श, केवल Top Plus के अंतर्गत

* लेंस कोटिंग और हाई इंडेक्स मैटीरियल जैसे ऐड-ऑनस शामिल नहीं हैं|

हमारे नेटवर्क के किसी चिकित्सक के पास जाएँ और आपको कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा

जब आप हमारे नेटवर्क के किसी डॉक्टर (GP) के पास जाते हैं तो इसके लिए आपको कोई पैसा नहीं देना पड़ता|

हमारी 24/7 हेल्प लाइन को **13 68 42** पर फ़ोन करें और फिर 2 दबाएँ

विशेषताएँ	मूल	मध्यम	उच्च	उच्च से अधिक
वीसा की शर्तों के अनुसार	✓	✓	✓	✓
एक्सेस	$0	$0	आपके द्वारा दिए जाने वाले शुल्क (premium) को कम रखने के लिए $0 या $250 एक्सेस	आपके द्वारा दिए जाने वाले शुल्क (premium) को कम रखने के लिए $0 या $250 एक्सेस
Inpatient सेवाएँ*				
आपके बीमा में शामिल इलाज़ के लिए हमारे नेटवर्क के निजी अस्पताल में निवास, थिएटर और कृत्रिम बाज़ू या टाँग की फ़ीस	✓	✓	✓	✓
आपके बीमा में शामिल सेवाओं के लिए शामिल होने के बाद होने वाली दुर्घटना से संबंधित इलाज़	✓	✓	✓	✓
आपके बीमा में शामिल इलाज़ के लिए डॉक्टर और विशेषज्ञ की फ़ीस	100% MBS^	100% MBS^	100% MBS^	100% MBS^
Outpatient सेवाएँ				
डॉक्टर और विशेषज्ञ की फ़ीस	✗	100% MBS^	100% MBS^	100% MBS^
MBS^ के साथ निदान सेवाएँ (जैसे कि रक्त की जाँच, स्कैन और एक्स-रे)	✗	100% MBS^	100% MBS^	100% MBS^
आपात स्थिति में एम्बुलेंस की सेवा	✓	✓	✓	✓
इमरजेंसी डिपार्टमेंट फैसिलिटी फीस	100% केवल जब आप अस्पताल में हैं	100% केवल जब आप अस्पताल में हैं	100% जब आप अस्पताल में हैं, एक बार जाने के $200 जब आप अस्पताल में भर्ती नहीं हैं	100% जब आप अस्पताल में हैं, एक बार जाने के $200 जब आप अस्पताल में भर्ती नहीं हैं
अतिरिक्त सेवाएँ				
मृतक के शरीर को वापस अपने देश भेजना	$50,000 तक	$100,000 तक	$100,000 तक	$110,000 तक
क्रिया-कर्म का कवर	$15,000 तक	$15,000 तक	$15,000 तक	$20,000 तक
अन्य सेवाएँ#				
दंत चिकित्सा, नजर के चश्मे, फ़िज़ियोथेरेपी जैसी सेवाएँ और चीनी हर्बल दवाओं के लिए सलाह लेना			✓#	✓# अधिक लाभ और वार्षिक सीमाएँ
ऑर्थोडॉन्टिक, आहार और पैरों से संबंधित चिकित्सा				✓#

*कवर की जाने वाली अस्पताल की सेवाएँ आपके द्वारा चुने गए बीमा के स्तर पर निर्भर करेंगी| यह जानने के लिए कि कौन सी अस्पताल सेवाएँ शामिल हैं, **hcfvisitorhealthcover.com** पर जाएँ और product summary या OVHC Fund Rules डाउनलोड करें|

^मेडिकेयर बेनिफिट शेड्यूल (MBS) फ़ीस आपके प्रोसीजर के लिए मेडिकेयर द्वारा तय की गई एक मानक फ़ीस है| यदि आपका प्रदाता MBS फ़ीस से अधिक शुल्क लेता है तो बाकी कीमत आपको देनी होगी|

#प्रति व्यक्ति, प्रति कैलेंडर वर्ष आपकी वार्षिक सीमा तक| HCF एक तय की गई राशि तक पैसे देगा और यदि आपका सेवा प्रदाता इस राशि से अधिक कीमत लेता है तो बाकी भुगतान आपको करना होगा|

✓ कवर की जाने वाली (शामिल) सेवा

हमारे नेटवर्क में शामिल निजी अस्पताल या डॉक्टर के निजी मरीज़ के रूप में शामिल|

नोट: सरकारी या भाग न लेने वाले निजी अस्पतालों से प्राप्त किए जाने वाले सभी उपचारों के लिए, इनमें आपके बीमा के स्तर में शामिल सेवाएँ और शर्तें शामिल हैं, केवल Minimum Benefits प्रदान किए जाएँगे और आपको बकाया कीमत देनी होगी| आपके बीमा के स्तर के आधार पर आपको कुछ outpatient सेवाओं के लिए भी अतिरिक्त कीमत देनी पड़ सकती है|

✗ कवर न की जाने वाली सेवा (सेवा जो शामिल नहीं है)

प्रतीक्षा की अवधि

जिन सेवाओं को आपका बीमा कवर करता है, waiting period वह समय है जिसके लिए आपको उन सेवाओं के लिए दावा करने से पहले प्रतीक्षा करनी पड़ेगी| 2-12 महीने का waiting period लागू होगा और यह इलाज के प्रकार पर और इस बात पर निर्भर करता है कि क्या आपको वह बीमारी बीमा करवाने से पहले भी थी|

एक्सेस

एक्सेस ($0 या $250) वह राशि है जो आप अस्पताल में भर्ती होने के लिए देने की सहमति देते हैं, चाहे वह भर्ती केवल दिन के लिए हो या रात्रि के लिए भी|

बीमारी जो आपको पहले से है

यह वह बीमारी या हालत है जिसके लक्षण HCF OVHC बीमा लेने या बीमा का स्तर बढ़ाने से तुरंत पहले के 6 माह के दौरान आपमें प्रकट हो चुके थे, चाहे आपकी उस बीमारी का निदान आपको ज्ञात नहीं था|

बीमा के हर स्तर में क्या कवर किया जाता है, इसकी विस्तृत सूची के लिए hcfvisitorhealthcover.com पर जाएँ और product summary या OVHC Fund Rules डाउनलोड करें| आप हमारी किसी शाखा में भी जा सकते हैं या हमें 13 68 42 पर फ़ोन कर सकते हैं|

आगंतुक वीसा के लिए विभिन्न प्रकार का बीमा

यदि आपको वीसा लेने के लिए निजी हेल्थ इंश्योरेंस की आवश्यकता न भी हो तो भी इसे लेने से आपको तसल्ली हो जाएगी| आप ऑस्ट्रेलिया में रहने का पूरा मज़ा ले सकते हैं, यह समझते हुए कि यदि आप अचानक बीमार या दुर्घटनाग्रस्त हो जाएँ तो आपको इसका कवर मिलेगा|

यदि आपको वीसा की आवश्यकता पूरी करने के लिए हेल्थ इंश्योरेंस चाहिए तो निम्नलिखित विकल्प आपके लिए उचित नहीं होंगे |

किसी चिकित्सक के पास या अस्पताल जाने से पहले 24/7 हमें फ़ोन करें

हमने अपने नेटवर्क के अस्पताल और डॉक्टरों को ढूंढना आसान बना दिया है ताकि आपको कम पैसा देना पड़े| हमारी 24/7 हेल्पलाइन को फ़ोन करें और हमारी विशेषज्ञों की टीम एक उचित हेल्थकेयर सेवा से आपका संपर्क करवा देगी|

हमारी 24/7 हेल्प लाइन को **13 68 42** पर फ़ोन करें और फिर 2 दबाएँ

हमारे नेटवर्क के किसी चिकित्सक के पास जाएँ और आपको कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा

जब आप हमारे नेटवर्क के किसी डॉक्टर (GP) के पास जाते हैं तो इसके लिए आपको कोई पैसा नहीं देना पड़ता|

हमारी 24/7 हेल्प लाइन को **13 68 42** पर फ़ोन करें और फिर 2 दबाएँ

विशेषताएँ	थोड़े समय की रिहायश (SHORT STAY)	एसेंशल्स (ESSENTIALS)	एसेंशल्स प्लस (ESSENTIALS PLUS)
वीसा की शर्तों के अनुसार	✗	✗	✗
एक्सेस	$250	$250	$250
अकेले व्यक्तियों और दंपत्तियों को उपलब्ध है	✓	✓	✓
परिवारों के लिए उपलब्ध है	✗	✓	✓
उस बीमारी के लिए कवर जो आपको पहले से है (उन सेवाओं के लिए जो बीमा में शामिल हैं और जिनकी प्रतीक्षा अवधि पूरी हो चुकी है)	✗	✓	✓
Inpatient सेवाएँ*			
आपके बीमा में शामिल इलाज़ के लिए हमारे नेटवर्क के निजी अस्पताल में निवास, थिएटर और कृत्रिम बाज़ू या टाँग की फ़ीस	✓	✓	✓
आपके बीमा में शामिल सेवाओं के लिए शामिल होने के बाद होने वाली दुर्घटना से संबंधित इलाज़	✓	✓	✓
आपके बीमा में शामिल इलाज़ के लिए डॉक्टर और विशेषज्ञ की फ़ीस	100% MBS^	100% MBS^	100% MBS^
Outpatient सेवाएँ			
डॉक्टर और विशेषज्ञ की फ़ीस	100% MBS^	100% MBS^	100% MBS^
MBS^ के साथ निदान सेवाएँ (जैसे कि रक्त की जाँच, स्कैन और एक्स-रे)	100% MBS^	100% MBS^	100% MBS^
आपात स्थिति में एम्बुलेंस की सेवा	✓	✓	✓
इमरजेंसी डिपार्टमेंट फैसिलिटी फीस, एक बार जाने के अधिकतम $200	✓	✓	✓

*कवर की जाने वाली अस्पताल की सेवाएँ आपके द्वारा चुने गए बीमा के स्तर पर निर्भर करेंगी| यह जानने के लिए कि कौन सी अस्पताल सेवाएँ शामिल हैं, **hcfvisitorhealthcover.com** पर जाएँ और product summary या OVHC Fund Rules डाउनलोड करें|

^मेडिकेयर बेनिफिट शेड्यूल (MBS) फ़ीस आपके प्रोसीजर के लिए मेडिकेयर द्वारा तय की गई एक मानक फ़ीस है| यदि आपका प्रदाता MBS फ़ीस से अधिक शुल्क लेता है तो बाकी कीमत आपको देनी होगी|

✓ कवर की जाने वाली (शामिल) सेवा

हमारे नेटवर्क में शामिल निजी अस्पताल या डॉक्टर के निजी मरीज़ के रूप में शामिल|

नोट: सरकारी या भाग न लेने वाले निजी अस्पतालों से प्राप्त किए जाने वाले सभी उपचारों के लिए, इनमें आपके बीमा के स्तर में शामिल सेवाएँ और शर्तें शामिल हैं, केवल Minimum Benefits प्रदान किए जाएँगे और आपको बकाया कीमत देनी होगी| आपके बीमा के स्तर के आधार पर आपको कुछ outpatient सेवाओं के लिए भी अतिरिक्त कीमत देनी पड़ सकती है|

✗ कवर न की जाने वाली सेवा (सेवा जो शामिल नहीं है)

प्रतीक्षा की अवधि

जिन सेवाओं को आपका बीमा कवर करता है, waiting period वह समय है जिसके लिए आपको उन सेवाओं के लिए दावा करने से पहले प्रतीक्षा करनी पड़ेगी| 2-12 महीने का waiting period लागू होगा और यह इलाज के प्रकार पर और इस बात पर निर्भर करता है कि क्या आपको वह बीमारी बीमा करवाने से पहले भी थी|

एक्सेस

एक्सेस ($250) वह राशि है जो आप अस्पताल में भर्ती होने के लिए देने की सहमति देते हैं, चाहे वह भर्ती केवल दिन के लिए हो या रात्रि के लिए भी|

बीमारी जो आपको पहले से है

यह वह बीमारी या हालत है जिसके लक्षण HCF OVHC बीमा लेने या बीमा का स्तर बढ़ाने से तुरंत पहले के 6 माह के दौरान आपमें प्रकट हो चुके थे, चाहे आपकी उस बीमारी का निदान आपको ज्ञात नहीं था|

बीमा के हर स्तर में क्या कवर किया जाता है, इसकी विस्तृत सूची के लिए hcfvisitorhealthcover.com पर जाएँ और product summary या OVHC Fund Rules डाउनलोड करें| आप हमारी किसी शाखा में भी जा सकते हैं या हमें 13 68 42 पर फ़ोन कर सकते हैं|

HCF का सदस्य बनना इतना आसान है जैसे 1, 2, 3 की गिनती!

1. शुल्क का अंदाज़ा लेने ले लिए हमें फ़ोन करें या किसी शाखा में जाएँ|
2. आपको किस स्तर का कवर चाहिए, यह निर्णय लें|
3. जब आप सदस्य बन जाते हैं तो हम आपका स्वागत करने के लिए एक ईमेल भेजेंगे| यदि आपने वीसा की शर्तों के अनुरूप बीमा चुना है तो इसमें डिपार्टमेंट ऑफ़ होम अफेयर्स को देने के लिए एक पत्र भी शामिल होगा (यदि आप ऐसा बीमा चुनते हैं जो वीसा की शर्तों के अनुरूप नहीं है तो हम आपको यह पत्र नहीं दे सकेंगे)|

The Hospitals Contribution Fund of Australia Limited
ए बी एन 68 000 026 746 ए एफ एस एल 241 414
HCF हाउस: 403 जॉर्ज स्ट्रीट, सिडनी एन एस डब्ल्यू 2000
डाक का पता: GPO Box 4242, Sydney NSW 2001

हमें **13 68 42** पर फ़ोन करें

hcfvisitorhealthcover.com पर जाएँ

हमारी किसी **शाखा** में जाएँ